Title: Re: Compensation to farmers of Ganganagar Parliamentary Constituency for loss of crops due to heavy rain and hailstorm.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मैं सरकार का ध्यान जिला श्रीगंगानगर व जिला हनुमानगढ़ के ज्यादातर हिस्सों में हुई भारी वर्षा और ओलावृष्टि की ओर आकर्षित करना चाहूँगा, जिसके कारण वहां खेतों में खड़ी फसलों को अत्याधिक नुकसान पहुंचा है, जिसकी सीधी मार मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्नदाताओं पर पड़ रही है ।

पिछले कुछ दिनों में मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ के ज्यादातर हिस्सों में भारी वर्षा के साथ ओलावृष्टि हुई थी, जिसकी सीधी मार गेहूं, जौ, चना, सरसों की फसलों और सब्जियों पर पड़ी है और इस कारण यहाँ के किसानों को आर्थिक व मानसिक तौर पर परेशानियाँ उठानी पड़ रही है । किसान अपना खून-पसीना एक करके पूरी मेहनत के बल पर फसलों को उगाता है और बेमौसम की मार से उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर जाता है ।

अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में हुई इस भारी वर्षा व ओलावृष्टि होने वाले नुकसान की भरपाई करने हेतु जल्द से जल्द राज्य सरकार से आंकड़े मंगवाकर राज्य सरकार और बीमा कंपनियों को उचित मुआवजे की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित करें ।